Samagra Shiksha , Kerala

द्वितीय कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026

**909** **SUMMATIVE ASSESSMENT II** **A**

Third Language

# HINDI

Time : 90 Minutes
Cool off time : 15 Minutes

Standard : IX
Score : 40

---

**सूचना : 'घर, पेड़ और तारे की याद' लोककथा का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> भाई-बहन को लगा कि उन्हें भी घर लौटना चाहिए। उन्होंने अपनी देखभाल करने वाले अभिभावकों से इसकी अनुमति माँगी । अभिभावकों ने हँसते हुए कहा, "पता है, तुम्हारा देश यहाँ से कितनी दूर है? कैसे पहुँचोगे?" बच्चों ने जवाब दिया, "हम किसी तरह पहुँच जाएँगे, भले ही इसमें बहुत दिन लग जाएँ।"

1. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

   (क) तुम + को = तुम्हारा (ख) तुम + का = तुम्हारा

   (ग) तुम + के = तुम्हारा (घ) तुम + की = तुम्हारा

2. भाई-बहन कहाँ जाना चाहते हैं? क्यों ? 2

3. लोककथा के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

   **अथवा**

   अभिभावकों से अपने घर जाने की अनुमति न मिलने पर लड़की बहुत दुखी हो जाती है। लड़की की उस दिन की **डायरी** लिखें।

**सूचना : 'घर' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> "उनसे पहले मैं श्रीमती शांतिदास के साथ कुछ दिन रही थी। पूरी अशांतिदास थीं वे। मुझे देखते ही चिल्लाती थीं– उईईईई। घिग्गी बँध ज़ाती थी उनकी। कहती थीं– "सुशांतो जल्दी आओ, इसे भगाओ।"

4. 'घिग्गी बँध जाना' का मतलब क्या है? 1

   (क) क्रोध से बाहर निकलना। (ख) मुँह से आवाज़ न निकलना।

   (ग) नुकसान हो जाना। (घ) आँखों से आँसू बहना।

5. छिपकली ने श्रीमती शांतिदास को क्यों अशांतिदास कहा होगा? 2

6. श्रीमती शांतिदास के घर का अनुभव छिपकली अपने दोस्त को बताती है। छिपकली और दोस्त के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**सूचना : 'जब गांधीजी की घड़ी चोरी चली गई' लेख का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> लॉर्ड माउण्टबेटन उनसे बड़ी-बड़ी राजनीति की बातें कर रहे थे और गांधीजी बड़े अनमनेपन से हाँ-हूँ किए जा रहे थे। आखिर माउण्टबेटन ने पूछा कि क्या बात है? गांधीजी बोले, "इस कूलर को प्लीज़ बंद कर दीजिए, मुझे सर्दी लग रही है।" इस तरह अपनी शान दिखाने का पहला मौका वायसरॉय से छिन गया।

7. नमूने के अनुसार लिखें। 1

| | |
|---|---|
| लड़का बात **करता है।** | लड़का बात **करेगा।** |
| माउण्टबेटन की पत्नी तैयारी **करती है।** | ....................................... |

8. कूलर को बंद करने को कहकर गांधीजी वायसरॉय को क्या संदेश देना चाहते थे ? 2

9. वायसरॉय भवन की चाय पार्टी के बारे में बताते हुए मित्र के नाम गांधीजी का **पत्र** तैयार करें। 4

**अथवा**

संकेतों की मदद से 'गांधीजी का व्यक्तित्व' विषय पर **लघु लेख** लिखें।

- सादगी से भरा जीवन
- हमेशा देशहित पर ध्यान
- निष्ठापूर्ण जीवन शैली
- मेहनत पर ध्यान

**सूचना : 'फुटबॉल के दिल का राजा' लेख का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> उनकी अनोखी प्रतिभा का डर तो उनके प्रतिद्वंद्वियों में था ही, उनके लिए एक अनूठा सम्मान भी था। उनके हुनर की तरह ही उनकी मुसकान भी मशहूर थी।

10. सही वाक्य कौन-सा है? 1

(क) पेले सुंदर फुटबॉल खेलती थी।
(ख) पेले सुंदर फुटबॉल खेलते थे।
(ग) पेले सुंदर फुटबॉल खेलते था।
(घ) पेले सुंदर फुटबॉल खेलता थे।

11. पेले ने लोगों का मन जीत लिया था। कैसे? 2

12. दिसंबर 29 को पेले की स्मृति दिवस पर आपके विद्यालय में फुटबॉल मैच आयोजित है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**अथवा**

अप्रैल 7 विश्व स्वास्थ्य दिवस है। 'खेलकूद स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है' यह संदेश देते हुए इसके प्रचार के लिए **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'जन-जन का चेहरा एक' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 13 से 15 तक के उत्तर लिखें।**

चाहे जिस देश प्रांत पुर का हो
जन-जन का चेहरा एक।
एशिया की, यूरोप की, अमेरिका की
गलियों की धूप एक।
कष्ट-दुख संताप की,
चेहरों पर पड़ी झुर्रियों का रूप एक।

13. 'गलियों की धूप एक' –इसका मतलब क्या है? 2

14. समान आशय वाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

| |
|---|
| दुनिया भर के शोषित लोगों की स्थिति एक जैसी है। |

15. कवि और कविता का परिचय देते हुए **कवितांश का आशय** लिखें। 4

**सूचना : निम्नलिखित खंड पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

'गोदान' मुंशी प्रेमचंद का प्रसिद्ध उपन्यास है। इसमें गरीब किसान होरी की कहानी है। वह एक गाय पाने का सपना देखता है। उपन्यास में गरीबी, सामाजिक अन्याय, शोषण और ग्रामीण जीवन की कठोर सच्चाइयों का यथार्थ चित्रण किया गया है। यह प्रेमचंद की उत्कृष्ट कृति मानी जाती है।

16. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

i. गोदान प्रभात की कहानी है।
ii. गोदान किसानों के जीवन पर आधारित रचना है।
iii. दहेज प्रथा और नारी समस्या गोदान उपन्यास का मुख्य विषय है।
iv. गोदान का प्रमुख पात्र होरी है।

(क) i और ii सही हैं। (ख) ii और iii सही हैं।
(ग) केवल iv सही है। (घ) ii और iv सही हैं।

17. कोष्ठक के शब्दों की मदद से वाक्य विस्तार करें। 3

(नायक, गोदान का, गरीब)

होरी किसान है।

.............................।

.......................................।

...................................................।

■